हरियाणा के नए मुख्य सचिव तथा नए वित्त आयुक्त नियुक्त

चर्चा में क्यों?

30 नवंबर, 2021 को हरियाणा सरकार द्वारा वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव कौशल को राज्य के नए मुख्य सचिव तथा एक अन्य सीनियर अधिकारी पी.के. दास को नया वित्त आयुक्त बनाया गया है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य के निवर्तमान मुख्य सचिव विजयवर्धन के सेवानिवृत्त होने की वजह से हरियाणा के 1986 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी संजीव कौशल को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया गया है।
- संजीव कौशल हरियाणा के 35वें और मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की सरकार के पाँचवें मुख्य सचिव होंगे।
- संजीव कौशल को राज्य सरकार ने मुख्य सचिव के अलावा सामान्य प्रशासन विभाग, संसदीय कार्य मामले, विजिलेंस, प्रशासनिक सुधार विभाग तथा योजना समन्वय विभागों की भी ज़िम्मेदारी सौंपी है।
- हरियाणा के 1985 बैच के ही एक दूसरे सीनियर अधिकारी पी.के. दास को नया वित्त आयुक्त एवं राजस्व तथा आपदा प्रबंधन विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया गया है।
- पी.के. दास को चकबंदी विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।
- उल्लेखनीय है कि अभी तक संजीव कौशल राज्य के वित्त आयुक्त एवं राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा पी.के. दास बिजली विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-new-chief-secretary-and-new-financial-commissioner-appointed